पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-15

शुक्रवार, दिनांक-08 मार्च, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 16 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक-1735 वाणिज्य-कर विभाग को स्थानांतरित ।

(iv) 09 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 171 तारांकित प्रश्न अनागत ।

''प्रश्नोत्तरकाल के दौरान राजद के मा० सदस्यगण अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए । आसन द्वारा बार-बार उनसे अनुरोध किया गया कि वे अपनी सीट पर जाएँ परन्तु वे नारेबाजी करते रहे और अपनी मांग न माने जाने पर सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

[2] अन्य चर्चाएँ :-

मा० मुख्यमंत्री द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिलाओं के लिए सरकार द्वारा की जाने वाली भावी-योजनाओं से सदन को अवगत कराया गया ।

[3] कार्यस्थगन :-

मा० सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह एवं अन्य सभासदों से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

[4] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री रामदेव महतो	(ii) श्रीमती पूनम देवी यादव
(iii) डा० इजहार अहमद	(iv) डा० रणविजय कुमार

(v) श्री विनोद प्रसाद यादव
(vi) श्री अशोक कुमार सिंह
(vii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(viii) श्री कुमार शैलेन्द्र
(ix) श्री प्रदीप कुमार
(x) श्री रामानन्द राम
(xi) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(xii) श्री रामनरेश प्रसाद यादव
(xiii) श्री गोपालजी ठाकुर

''मा० सदस्या श्रीमती पूनम देवी यादव द्वारा दिए गए शून्यकाल की सूचना पर सरकार द्वारा संज्ञान लिया गया तथा मा० सदस्य श्री राजेश्वर राज द्वारा मा० सदस्य श्री रामधनी सिंह के विषय में दी गई सूचना पर सरकार द्वारा सोमवार को 5.00 बजे अप० में वक्तव्य दिए जाने की घोषणा की गई ।''

[5] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) मा० सदस्य श्री श्रवण कुमार एवं अन्य सभासदों के कृषि विभाग से संबंधित दिनांक 26.02.2013 एवं 04.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री सदानन्द सिंह एवं अन्य सभासदों के विधि विभाग से संबंधित दिनांक 28.02.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[6] <u>वित्तीय कार्य</u> :-<u>वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान</u>:-

मा० प्रभारी मंत्री उद्योग विभाग श्रीमती रेणु कुमारी द्वारा उद्योग विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि द्वारा राज्य सरकार की उद्योग नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती-प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री राहुल कुमार

(मा० उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री तारकिशोर प्रसाद
(iii) श्री मनोहर प्रसाद सिंह
(iv) श्री विजय कुमार सिन्हा
(v) श्री पवन कुमार जायसवाल
(vi) श्री प्रदीप कुमार
(vii) श्री कन्हैया कुमार

(मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(viii) श्री रत्नेश सादा
(ix) डा० अच्युतानंद
(x) श्री ललन राम

सरकार की ओर से मा० प्रभारी मंत्री उद्योग विभाग श्रीमती रेणु कुमारी द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

तदुरांत सदन द्वारा मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[7] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 21 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तत्पश्चात सदन की बैठक सोमवार, दिनांक 11 मार्च, 2013 के 11.00 बजे पूर्वाहन् तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-08.03.2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।